**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1846**

**31 जुलाई, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**नई पीएम स्वनिधि योजना**

**†1846. डॉ. सी. एम. रमेशः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नई पीएम स्वनिधि योजना को मंजूरी दे दी है;

(ख) यदि हां, तो यह मौजूदा योजना से किस प्रकार भिन्न है;

(ग) क्या सरकार की पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड प्रदान करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ग्रामीण पथविक्रेताओं को पीएम स्वनिधि ऋण प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त योजना के लागू होने से लेकर अब तक इससे लाभान्वित हुए पथविक्रेताओं की राज्य-वार/जिला-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्संरचना को अभी तक अनुमोदन प्रदान नहीं किया गया है।

(घ): प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी क्षेत्रों में क्रियान्वित की गई है। हालाँकि, शहरी स्थानीय निकायों की भौगोलिक सीमाओं के भीतर आसपास के विकसित/अर्ध शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के पथ विक्रताओं को भी ऋण प्रदान किया जाता है।

(ड़) 22 जुलाई 2025 तक, पीएम स्वनिधि योजना के तहत इसकी शुरुआत से अब तक 68.11 लाख से अधिक पथ विक्रेता लाभान्वित हो चुके हैं।

स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेता लाभार्थियों का राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है।

*****

**अनुलग्नक - I: 31.07.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1846 के उत्तर में संदर्भित**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेता लाभार्थियों का राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण**

**(22-07-2025 तक)**

| क्र.सं. | राज्य | लाभार्थियों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | वित्तीय वर्ष 2025-26 (22 जुलाई 2025 तक) | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 387 | 90 | 9 | 57 | 6 | - | 549 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,12,769 | 70,964 | 12,597 | 1,38,943 | 13,588 | 2 | 3,48,863 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,588 | 898 | 823 | 1,278 | 136 | - | 4,723 |
| 4 | असम | 14,157 | 40,651 | 12,005 | 48,317 | 6,136 | - | 1,21,266 |
| 5 | बिहार | 28,859 | 18,702 | 3,542 | 66,733 | 11,030 | 6 | 1,28,872 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2,051 | 1,408 | 524 | 991 | 48 | - | 5,022 |
| 7 | छत्तीसगढ | 40,305 | 6,393 | 3,843 | 29,438 | 10,139 | 2 | 90,120 |
| 8 | दिल्ली | 31,148 | 10,526 | 17,708 | 1,19,786 | 13,247 | 4 | 1,92,419 |
| 9 | गोवा | 1,018 | 220 | 64 | 231 | 38 | 1 | 1,572 |
| 10 | गुजरात | 1,02,307 | 94,870 | 45,819 | 2,08,688 | 27,514 | 1 | 4,79,199 |
| 11 | हरियाणा | 16,947 | 9,450 | 5,044 | 1,21,838 | 14,706 | 433 | 1,68,418 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 2,767 | 593 | 496 | 1,486 | 116 | - | 5,458 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 11,520 | 2,755 | 918 | 1,553 | 494 | - | 17,240 |
| 14 | झारखण्ड | 22,025 | 6,811 | 2,642 | 49,645 | 4,448 | - | 85,571 |
| 15 | कर्नाटक | 1,08,004 | 33,803 | 27,166 | 1,99,299 | 27,483 | 69 | 3,95,824 |
| 16 | केरल | 8,051 | 1,374 | 1,793 | 98,665 | 9,413 | 2 | 1,19,298 |
| 17 | लद्दाख | 247 | 14 | 61 | 127 | 13 | - | 462 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 3,13,786 | 1,56,791 | 62,369 | 2,98,485 | 57,469 | 302 | 8,89,202 |
| 19 | महाराष्ट्र | 1,49,151 | 48,260 | 1,62,303 | 4,34,975 | 57,959 | 26 | 8,52,674 |
| 20 | मणिपुर | 6,094 | 2,393 | 346 | 930 | 70 | - | 9,833 |
| 21 | मेघालय | 253 | 355 | 796 | 1,761 | 746 | - | 3,911 |
| 22 | मिजोरम | 445 | 38 | 46 | 1,685 | 372 | - | 2,586 |
| 23 | नागालैंड | 1,203 | 299 | 206 | 1,240 | 627 | - | 3,575 |
| 24 | ओडिशा | 27,497 | 7,379 | 2,150 | 23,824 | 3,315 | 8 | 64,173 |
| 25 | पुदुचेरी | 1,130 | 116 | 89 | 2,124 | 77 | - | 3,536 |
| 26 | पंजाब | 26,675 | 12,685 | 3,629 | 1,13,643 | 10,888 | 22 | 1,67,542 |
| 27 | राजस्थान | 50,343 | 16,788 | 2,185 | 88,589 | 31,683 | 6 | 1,89,594 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | सिक्किम | 1 | 1 | - | 1,115 | 114 | - | 1,231 |
| 29 | तमिलनाडु | 87,735 | 75,070 | 19,139 | 2,02,128 | 15,878 | 1 | 3,99,951 |
| 30 | तेलंगाना | 3,10,512 | 34,275 | 8,532 | 65,260 | 7,647 | 1 | 4,26,227 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव | 1,032 | 213 | 79 | 827 | 63 | - | 2,214 |
| 32 | त्रिपुरा | 2,611 | 602 | 331 | 1,769 | 320 | - | 5,633 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 5,63,816 | 2,22,008 | 1,48,172 | 3,93,892 | 63,769 | 9 | 13,91,666 |
| 34 | उत्तराखंड | 9,111 | 1,392 | 2,756 | 12,155 | 2,980 | - | 28,394 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 2,377 | 11,212 | 1,550 | 1,76,232 | 13,579 | 4 | 2,04,954 |
| **कुल** | | **20,57,922** | **8,89,399** | **5,49,732** | **29,07,709** | **4,06,111** | **899** | **68,11,772** |

नोट: योजना की ऋण अवधि 31.12.2024 को समाप्त हो चुकी है।